दिनांक 03, जून 2022

नवाब वाजिद अली शाह, प्राणि उद्यान, लखनऊ
प्रेस विज्ञप्ति

भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय केन्द्रीय चिड़ियाघर प्रधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' दिनांक 30 मई से 05 जून, 2022 तक 'सह अस्तित्व के लिए संरक्षणः जनता को जोड़ना' (Conservation to Co-Existence: The People Connect) के विषय वस्तु पर नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 03.06.2022 को प्राणि उद्यान में **शो एण्ड टेल्स– क्राक टेल्स** विषय पर कार्यक्रम आयोजित कर दर्शकों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में सुश्री अरूणिमा सिंह, बायोलॉजिस्ट, टी0एस0ए0 द्वारा बाड़े में उपलब्ध मगर के बारे में वहां पर दर्शकों को रोचक जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि विश्व में 125 प्रजातियों के मगर पाये जाते हैं। भारत में मगर की 03 प्रजातियां पायी जाती हैं, जिनमें घड़ियाल, खारे पानी का मगर एवं मीठे पानी का मगर। मीठे पानी का मगर ठहरे हुए पानी में तथा धीरे बहाव वाले नदियों–नालों में पाये जाते हैं। खाने में यह मांस व मछली पसन्द करते हैं। उत्तर भारत में मीठे पानी वाले मगर ही पाये जाते हैं। दर्शकों द्वारा इस कार्यक्रम को काफी पसन्द किया गया।

(–ह0–)
(अशोक कुमार)
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ